
## न्यूज डायरी



### मोदी सरकार ने पूरा किया राजीव गांधी का सपना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। चीन के कर्जजाल से कंगाल श्रीलंका ने ड्रैगन को बड़ा झटका देते हुए भारत के साथ त्रिंकोमाली तेल टैंक समझौता किया है। भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से त्रिकोमाली तेल टैंक परिसर का निर्माण करेंगे। रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम इस समझौते के तहत त्रिंको पेट्रोलियम टर्मिनल लिमिटेड सीलोन पेट्रोलियम कार्पोरेशन और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के साथ मिलकर 61 तेल टैंक विकसित करेंगे। भारत के तमिलनाडु राज्य से बेहद करीब बन रहे इन तेल टैंक का सबसे पहले सपना पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देखा था। श्रीलंका की गोटाबाया राजपक्षे सरकार की कैबिनेट ने त्रिकोमाली तेल टैंक प्रॉजेक्ट को भारत के साथ मिलकर बनाने को मंजूरी दे दी है। इस डील के बारे में सबसे पहले 29 अक्टूबर 1987 को हुए भारत–श्रीलंका समझौते में जिक्र किया गया था।

### पाक सुप्रीम कोर्ट ने दी बंदी पेश न करने पर समन की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गुलजार अहमद ने प्रधानमंत्री इमरान खान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वर्ष 2019 से कोहत में हिरासत में लिए गए आरिफ गुल को कोर्ट में पेश नहीं किया गया तो सुप्रीम कोर्ट पीएम इमरान खान के खिलाफ समन जारी करेगा। डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस गुलजार अहमद ने सरकार से पूछा है कि अगर आरिफ गुल को अदालत में पेश नहीं किया जा सकता है तो क्या अदालतों पर ताला लगा दें? तीन जजों की पीठ की अगुआई करते हुए जस्टिस गुलजार ने आरिफ गुल के स्वजनों की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को स्वीकार करते हुए उसके बारे में इमरान सरकार से जानकारी तलब की है। पिछले हफ्ते ही सुप्रीम कोर्ट ने बंदी आरिफ गुल को सोमवार को अदालत में पेश करने को कहा था। लेकिन खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के महाधिवक्ता साजिद इलियास ने कहा कि बंदी को इतनी दूर से यहां पेश कर पाना बेहद मुश्किल है।

### फ्रांस में मिला कोरोना का नया वैरिएंट आईएचयू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। ओमिक्रोन और डेल्टा वैरिएंट से जद्दोजहद के बीच फ्रांस में कोरोना का एक नया वैरिएंट सामने आया है। इसे ओमिक्रोन से भी ज्यादा संक्रामक बताया जा रहा है। देश के शोधकर्ताओं इस नए वैरिएंट को अस्थायी रूप से आईएचयू नाम दिया है। अबतक इससे 12 लोग संक्रमित बताए जा रहे हैं। जानकारी अनुसार इसमें 46 म्यूटेशन पाए गए हैं। आईएचयू मेडिटेरेंस इन्फेक्शन के फिलिप कोलसोन ने कहा कि दक्षिणपूर्वी फ्रांस में 12 लोग इससे संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस नए वैरिएंट को लेकर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। कोलसोन के अनुसार अध्ययन के अनुसार नए वैरिएंट से सबसे पहले मध्य अफ्रीका में कैमरून की यात्रा से फ्रांस लौटा एक व्यस्क था, जिसका कोरोना टीकाकरण हो चुका था।

### पैंगोंग झील ही नहीं पूरे अक्साई चिन को सड़कों– पुलों से पाट रहा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग झील पर पुल बना रहा चीनी ड्रैगन पूरे अक्साई चिन इलाके में भारत के खिलाफ अपनी किलेबंदी को चौतरफा मजबूत कर रहा है। चीन ने भारत के अक्साई चिन इलाके पर जबरन कब्जा कर रखा है और अब वहां पर सड़कों और पुलों का जाल बिछा रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों से मिली ताजा तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन ने लद्दाख के गलवान घाटी में खूनी झड़प के बाद साल 2020–21 के बीच में अपने निर्माण कार्य को बहुत तेज कर दिया है। चीन अक्साई चिन इलाके में न केवल नई सड़कें बना रहा है, बल्कि नए पुल रहा है। इसके अलावा पुरानी सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। साथ ही चीन इस इलाके में कई वैकल्पिक रास्ते भी बना रहा है। चीन ने अक्साई चिन के कई सेक्टर में इस निर्माण कार्य को चला रहा है। साथ ही किसी आक्रामक कार्रवाई की सूरत में भारतीय सेना को तेजी से जवाब दिया जा सके।

# अफ्रीका में चीनी ड्रैगन को टक्कर देगा भारत का केसरी

**होड़**

## अफ्रीका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे भारत और चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन नए साल की शुरुआत हिंद महासागर और अफ्रीका में अपनी पहुंच को बढ़ाने के साथ कर रहा है। भारत भी अफ्रीकी क्षेत्र में अपनी जड़ें मजबूत करना चाहता है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी की इस सप्ताह के आखिर में पश्चिमी हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से स्थित कोमोरोस की यात्रा के जवाब में एक भारतीय नौसैनिक जहाज भी उसी वक्त कोमोरोस में डॉक होगा।



चीनी विदेश मंत्रालय ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि वांग 4 से 7 जनवरी तक केन्या, इरिट्रिया और कोमोरोस का दौरा करेंगे और फिर मालदीव और श्रीलंका की भी यात्रा करेंगे। भारत के पड़ोसी देशों में चीनी विदेश मंत्री की यात्रा पर भारतीय अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र मेडागास्कर के उत्तर पश्चिम में छोटा सा द्वीप कोमोरोस हैं जहां भारत अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे में किसी बाहरी इलाके में दो पड़ोसियों के बीच प्रभाव की होड़ काफी दिलचस्प होगी।

**कोमोरोस के पड़ोस में मौजूद भारत का केसरीः** एक भारतीय नौसैनिक जहाज आईएनएस केसरी 6 जनवरी को कोमोरोस में डॉक करेगा जिस दिन वांग यहां पहुंचने वाले हैं। आईएनएस केसरी भारत के मिशन सागर के हिस्से के रूप में इस क्षेत्र में देशों को राहत सामग्री पहुंचाने में शामिल रहा है और वर्तमान में पड़ोसी मोजाम्बिक में डॉक किया गया है। भारतीय नौसेना के अनुसार इस यात्रा के हिस्से के रूप में मोजाम्बिक सैन्य कर्मियों के लिए आईएनएस केसरी की ओर से छोटे हथियारों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

**कोमोरोस में नहीं है भारत का दूतावासः** चीनी विदेश मंत्री के साथ कोमोरोस में केसरी की मौजूदगी को एक अवसर के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि भारत इस क्षेत्र में चीनी उपस्थिति को पीछे करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि भारत के 1976 से कोमोरोस के साथ राजनयिक संबंध रहे हैं लेकिन मोजाम्बिक चौनल के उत्तरी छोर पर स्थित इस देश में भारत का दूतावास नहीं है, जो एक प्रमुख ट्रांजिट और सुरक्षा केंद्र है। चीन ने 1975 में कोमोरोस में अपना दूतावास खोला था। भारत की कोमोरोस के लिए पहली उच्च स्तरीय यात्रा 2019 में ही हुई थी।

**गलवान घाटी में चीन का निर्माण कार्य तेजः** पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग झील पर पुल बना रहा चीनी ड्रैगन पूरे अक्साई चिन इलाके में भारत के खिलाफ अपनी किलेबंदी को चौतरफा मजबूत कर रहा है। चीन ने भारत के अक्साई चिन इलाके पर जबरन कब्जा कर रखा है और अब वहां पर सड़कों और पुलों का जाल बिछा रहा है। सैटलाइट तस्वीरों से मिली ताजा तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन ने लद्दाख के गलवान घाटी में खूनी झड़प के बाद साल 2020–21 के बीच में अपने निर्माण कार्य को बहुत तेज कर दिया है।

# परमाणु बमों को बनाते रहेंगे आधुनिकः चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। परमाणु बम को लेकर अमेरिका और चीन के बीच में जुबानी जंग तेज हो गई है। चीनी विदेश मंत्रालय के हथियार नियंत्रण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को इस बात का खंडन किया कि उनकी सरकार अपने परमाणु शस्त्रागार का तेजी से विस्तार कर रही है। हालांकि उन्होंने कहा कि बीजिंग अपने परमाणु हथियारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कदम उठा रहा है।

हथियार नियंत्रण विभाग के महानिदेशक फू कोंग ने कहा कि चीन यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है कि शत्रुओं को हमला करने से रोकने के लिए आवश्यक उसके परमाणु हथियार राष्ट्रीय रक्षा के लिए अनिवार्य न्यूनतम लक्ष्य को पूरा करें। कोंग ने बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'अमेरिकी अधिकारियों ने दावे किए हैं कि चीन अपनी परमाणु क्षमताओं को तेजी से बढ़ा रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि ये दावे झूठे हैं।'

**अमेरिका के पास 3,750 परमाणु हथियारः** संवाददाता सम्मेलन से एक दिन पहले चीन, अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस ने परमाणु युद्ध या हथियारों की होड़ को रोकने के संबंध में एक संयुक्त बयान जारी किया था। अमेरिका के पास 3,750 परमाणु हथियार हैं।



सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा पर ऐसे गिरी जोरदार बिजली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। नए साल में संयुक्त अरब अमीरात की शुरुआत जोरदार बारिश और तेज हवाओं से हुई है। शुक्रवार सुबह में बारिश इतनी तेज हुई कि कई इलाकों में पानी भर गया। बारिश और तेज हवाओं की वजह से पारा 7.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस बीच सोशल मीडिया में बारिश और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा पर शनिवार को बिजली गिरने का वीडियो काफी शेयर किया जा रहा है। इसमें नजर आ रहा है कि बिजली सीधे बुर्ज खलीफा के ऊपर गिर रही है। पूरा आकाश रात में भी दिन की तरह से चमकने लगता है। बुर्ज खलीफा पर बिजली गिरने से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

# दक्षिण–पश्चिमी चीन में एक बड़ी घटना घटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। दक्षिण–पश्चिमी चीन में एक बड़ी घटना घटी, जब एक निर्माण स्थल पर हुए भूस्खलन में 14 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इस घटना से हर कोई भयभीत हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गुइझोऊ प्रांत के बिजी शहर में सोमवार शाम को हुए भूस्खलन के कारणों की जांच की जा रही है।



**कब हुआ यह हादसाः** दिल दहला देने वाला यह हादसा बेहद गंभीर है।ċ यह आपात घटना उस समय घटी, जब भूस्खलन के समय श्रमिक एक अस्पताल के लिए प्रशिक्षण सुविधा का निर्माण कर रहे थे। आपको बता दें कि पहाड़ी, अंतर्देशीय गुइझोउ चीन के सबसे कम विकसित क्षेत्रों में से एक है।

**बचाव प्रयास में लगे हैं लोगः** समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने कहा कि रात भर के बचाव प्रयास में 1 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। दुर्घटना के बाद वहां मौजूद सभी लोग सक्रिय हो गए और आनन–फानन में घटना में फंसे लोगों को बचाने में लग गए, जिसमें कई लोगों को बाहर सही सलामत निकाला जा चुका है।

**क्या थी समस्याः** चीन में कार्यस्थल पर हुई दुर्घटनाएं की एक आवर्ती समस्या प्रबंधकों द्वारा कोनों को काटा जाना, सुरक्षा मानकों के ढीले प्रवर्तन और क्षयकारी बुनियादी ढांचे में कमी बताई जा रही है। आपको बता दें चीन में होने वाले कई हादसों में सबसे भीषण हादसों में टियांजिन के बंदरगाह शहर में एक रासायनिक गोदाम में 2015 का भीषण विस्फोट था, जिसमें 173 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश अग्निशामक और पुलिस अधिकारी थे।

### अमेरिका में दुर्लभ जुड़वा बच्चों का जन्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में अपनी तरह के दुर्लभ मामले में नए साल की पूर्व संध्या पर जुड़वा बच्चों का जन्म हुआ है। इनमें से एक बच्चे का साल 2021 और दूसरे बच्चे का साल 2022 में जन्म हुआ है। बताया जा रहा है कि इन बच्चों की मां का नाम फातिमा मद्रीगाल है और वह शुक्रवार रात को हुई इस अद्भुत घटना से पूरी तरह से हैरान हैं। कैलिफोर्निया के अस्पताल में पहले बच्चे का जन्म 31 दिसंबर को रात 11.45 बजे हुआ और दूसरे बच्चे का जन्म करीब 15 मिनट बाद एक जनवरी साल 2022 को हुआ। डॉक्टरों ने शनिवार को जारी अपने एक बयान में कहा कि ये जुड़वा बच्चे दो अलग–अलग सालों में हुए हैं, ऐसा 20 लाख मामलों में एक ही होता है। नटिविदाद मेडिकल सेंटर के एक फैमिली डॉक्टर ने कहा, यह निश्चित रूप से मेरे कैरियर के सबसे यादगार बच्चों के जन्म में से एक है। नए साल को शुरू करने का क्या शानदार तरीका है।